**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

## पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

### मोटे अनाजों पर आयोजित की गई व्यंजन प्रतियोगिता

पंतनगर। 21 अगस्त 2023। विश्वविद्यालय में मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के लिये डा. सरिता श्रीवास्तव, निदेशक सुवर्णदा फाउन्डेशन रूद्रपुर तथा डा. अर्चना कुशवाहा, विभागाध्यक्ष, खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग, गृह विज्ञान महाविद्यालय, पन्तनगर विश्वविद्यालय ने मिलकर मोटे अनाजों पर आधारित खाद्य उत्पाद प्रतियोगिता आयोजित की। इस प्रतियोगिता में फ्रांस से प्रशिक्षण के लिए आये विद्यार्थियों के साथ–साथ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने मोटे अनाजों पर आधारित विविध व्यंजन–पहाड़ी राबडी, डोनट, केक, मफिन, लड्डू ,खीर, चाट, हलुवा, चिक्की, टिक्की तथा पेय पदार्थ आदि बनाये। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रीमती साधना शर्मा, द्वितीय स्थान चारू बिष्ट एवं दीक्षा सेमवाल एवं तृतीय स्थान आयूषी जोशी एवं निकोलस फलोटा ने प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार श्रीमती उषा जोशी तथा क्लैमनटीन बास्कीन ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में डा. अल्का गोयल, अधिष्ठात्री, गृह विज्ञान महाविद्यालय द्वारा विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री रोहित गोस्वामी, निदेशक तथा शैफाली श्रीवास्तव, सलाहाकार सुवर्णदा फाउन्डेशन ने विशेष योगदान दिया। व्यंजनों का मूल्याकंन डा. सब्बू संगीता, सहायक प्राध्यापक, खाद्य विज्ञान एवं प्रोद्य ोगिकी विभाग,कृषि महाविद्यालय, डा. सरिता श्रीवास्तव तथा डा. अर्चना कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में गृह विज्ञान महाविद्यालय के प्रोफेसर तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।




*प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को पुरस्कृत करती अधिष्ठात्री गृह विज्ञान डा. अल्का गोयल एवं अन्य।*